हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 28 .5 डिग्री
न्यूनतम 14 .5 डिग्री

11 दूषित पेयजल आपूर्ति व सीवर ओवरफ्लो से जूझ रहे सेक्टवासी समाधान नहीं हुआ तो देंगे धरना



12 अनाजमंडी में बढ़ी बाजरे की आवक, मुख्य गेट पर आड़े-तिरछे ट्रैक्टरों से लगा रहा जाम



## करवा चौथ की पूर्व संध्या पर ब्यूटी पार्लरों में उमड़ी भारी भीड़

# करवा चौथ का पावन पर्व आज, सुहागिनों को 8:16 के बाद होगा चांद का दीदार

### महिलाओं ने लगवाई आकर्षक डिजाइनों की मेहंदी, जमकर की खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

करवाचौथ के पर्व की पूर्व संध्या पर वीरवार को बाजारों में महिलाओं की काफी भीड़ रही। शहर के साड़ी शोरूम, ज्वेलरी शॉप व चूड़ियों की दुकानों में जमकर खरीदारी की। शहर के पंजाबी मार्केट, सर्राफा बाजार, साड़ी मार्केट, चूड़ी बाजार व शॉपिंग माल्स में महिलाओं की काफी भीड़ रही। ब्यूटी पार्लरों पर भी सजने-संवरने के लिए महिलाओं की काफी भीड़ थी। ब्यूटी पार्लरों में देर रात तक महिलाएं मेकअप कराने में व्यस्त रही। करवा चौथ पर नवविवाहिताओं और जिनकी सगाई हो चुकी है, ज्यादा उत्साह नजर आया। ज्वेलरी व साड़ियों के शोरूमों तथा ब्यूटी पार्लरों में भी विशेष छूट के साथ महिलाओं को लुभावने ऑफर दिए गए।

### पार्लरों में मेकअप का मेन्यू लेकर पहुंची सुहागिनें

करवा चौथ के पर्व पर शहर के सभी ब्यूटी पार्लरों में सुहागिनें सुंदर दिखने के लिए अपनी इच्छा अनुसार मेकअप कराने का मेन्यू लेकर पहुंची। ब्यूटी पार्लर संचालिका नेहा, नीरू व अर्चना ने बताया कि काफी महिलाओं ने पहले से बुकिंग कराई हुई है। महिलाएं फेसियल, मेनीक्योर, पेडीक्योर, आईब्रो, अपर लिस्प, एयरब्रश मेकअप, नेल एक्सटेंशन, हेयर कट्स, हेयर स्पा, ब्लीच करा रही है। महिलाओं को आकर्षक डिजाइनों की मेहंदी भी लगाई जा रही है। महिलाओं की त्वचा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। मेकअप के लिए प्रोटीन युक्त कॉस्मेटिक इस्तेमाल किए जा रहे है। साड़ियों के शोरूम पर करवा चौथ पर महिलाओं के लिए लेटेस्ट ट्रेंड की साड़ियां मंगवाई गई है। साड़ियों के शोरूमों में बनारसी, काटन, प्योर सिल्क, सिफान व टीमर की साड़ियों भी बिक रही है।

### चूड़ियों की दुकान पर रंगरसिया कुमकुम की चूड़ियां और लाख के आकर्षक सेट महिलाओं ने जमकर खरीदे



पंजाबी मार्केट में चूड़ियां पसंद करती महिलाएं

» शहर के पंजाबी मार्केट, सर्राफा बाजार, साड़ी मार्केटव शॉपिंग माल्स में काफी भीड़ रही

» ब्यूटी पार्लरों में देर रात तक महिलाएं मेकअप कराने में व्यस्त रही

» महिलाओं की त्वचा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। मेकअप के लिए प्रोटीन युक्त कॉस्मेटिक इस्तेमाल किए जा रहे



रेवाड़ी। करवा चौथ की पूर्व संध्या पर मेहंदी लगवाती सुहागिनें। फोटो :हरिभूमि

### ऐसे करें पूजन

*करवाचौथ पर श्रृंगार का सामान, चुनरी, चूड़ी, बिंदी, मेहंदी, सिंदूर, छलनी, मिट्टी का बर्तन, गंगाजल, कुमकुम चंदन, अक्षत, पुष्प, धूप, दीप, मीठा, कच्चा दूध व घी आदि सामग्री थाली में रख लें, फिर विधि विधान से पूजन करें व कथा सुनें। पूजा के बाद व चांद को अर्घ्य देने के बाद, अपने पति के हाथों से पानी पीकर व्रत का पारण करें।*

### मेहंदी लगाने वालों ने की जमकर कमाई

मेहंदी लगाने वालों की जमकर कमाई हो रही है। बहू बेटियों को उपहार देने के लिए बाजार से उपहार खरीदे जा रहे है। इस पर्व में मेहंदी का खास महत्व होता है। मेहंदी लगाने वालों ने भी अपना शुल्क बढ़ा दिया है। कोई 300 से 500 रुपये ले रहा है तो कोई 500 से 700 रुपये ले रहा है। मेहंदी के विभिन्न डिजायन भी महिलाओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। ब्यूटी पार्लरों में तो मेहंदी लगवाने के लिए 2500 रुपये तक का पैकेज फिक्स किया हुआ है। महिलाओं ने खांड व मिट्टी के करवे सहित सजी हुई थालियां भी खरीदी। खांड के करवे 40 से 60 रुपये के जोड़ा मिल रहे है तथा पूजन के लिए आकर्षक थालियां 300 रुपये से 1000 रुपये तक की उपलब्ध है।



### रोहिणी नक्षत्र में पूजा की जाएगी

कार्तिक कृष्णपक्ष श्रीगणेश चतुर्थी को करवा चौथ का व्रत रखा जाता है। करवा चौथ को करक चतुर्थी के नाम से भी जाना जाता है। करक यानि मिट्टी के पात्र से महिलाएं चंद्रमा को अर्घ्य देती है। 10 अक्टूबर को करवाचौथ व्रत व चंद्रोदय को अर्घ्य दान होगा। ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री ने कहा कि यह व्रत विवाहित महिलाओं के लिए महाव्रत की तरह है। चतुर्थी तिथि के स्वामी भगवान गणेश को माना जाता है, इस दिन सर्वप्रथम गणेश गौरी, चौथ माता व चंद्रमा की पूजा करनी चाहिए। महिलाएं दिनभर अपने पति की लम्बी दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत करती है, ऐसा करने से चौथ माता अखंड सौभाग्यवती का आशीर्वाद देती है। रात में चांद का दीदार करने और छलनी से पति का चेहरा देखने के बाद महिलाएं इस व्रत को पारण करती हैं। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि करवाचौथ पर पूजा का अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:47 से 12:33 तक, वही प्रदोषवेला शाम 5:58 से 8:28 तक रहेगी। करवाचौथ पर रोहिणी नक्षत्र में पूजा की जाएगी। रोहिणी नक्षत्र 27 नक्षत्रों में सभी से सौंदर्य व चंद्रमा का अत्यंत स्नेही नक्षत्र होने से करवाचौथ सौभाग्य के लिए विशेष सुखदायी माना जाता है। रेवाड़ी समयानुसार रात 8:16 पर चंद्रोदय होगा।

### साड़ियों के शोरूम पर भी महिलाओं के लिए लेटेस्ट ट्रेंड की आकर्षक साड़ियां मंगवाई गई

## खबर संक्षेप

### मेघवाल समाज की बैठक गांव भटसाना में रविवार को

**धारूहेड़ा।** मेघवाल उत्थान समिति हरियाणा के सचिव भूपेन्द्र शेखपुर ने बताया कि मेघवाल समाज की बैठक 12 अक्टूबर को सुबह 10 बजे गांव भटसाना ब्लॉक धारुहेड़ा में होगी। मीटिंग में सभी पदाधिकारी, महिला शक्ति व समाज के लोग समाजहित में एक नई पहल में अपनी हिस्सेदारी को लेकर अपने विचार साझा करेंगे।

### यादव कल्याण सभा का चिकित्सा शिविर 12 को

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 12 अक्टूबर को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें मरीजों को ओपीडी सेवाओं के साथ फ्री दवाईयां प्रदान की जाएगी। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में डा. एच आर यादव मेडिसिन, डा. आकाश यादव हड्डीरोग, डा. गौरव यादव सर्जरी, डा. योगेन्द्र यादव चर्मरोग, डा. विदुला यादव नेत्ररोग, डा. अनिल यादव दंत रोग व डा. सुमन यादव स्त्रीरोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव फिजियोथेरेपी कन्सल्टेंसी के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### आर्य समाज लुहाना का वार्षिक उत्सव 11 से

**रेवाड़ी।** जिले के गांव लुहाना के आर्य समाज का 13वां वार्षिक उत्सव आगामी 11 व 12 अक्टूबर को आर्य समाज मंदिर लुहाना में आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर से आर्य विद्वान एवं भजन उपदेशक भाग लेंगे। आयोजन समिति से सामाजिक कार्यकर्ता यशपाल आर्य ने बताया कि विंग कमांडर सतीश चंद्र यादव तथा जिला पार्षद भूपेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य में होने वाले दो दिवसीय कार्यक्रम में अनेक विद्वानों, विदुषियों विचारकों तथा भजन उपदेशकों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में स्वामी शिवानंद, ब्रह्म वादिनी कलावती आर्या, अंजली आर्या, महाशय धर्मपाल आर्य, पंडित सुंदरलाल वैदिक, महाशय बंसीराम आर्य, स्वामी समर्पणानंद महाराज, स्वामी सत्यमुनि, स्वामी कर्ममुनि, स्वामी सौम्यमुनी, महात्मा, जसवंत आर्य, जयसिंह भगत, सत्यव्रत शास्त्री, बहादुर सिंह शास्त्री, सतीश आर्य तथा राजेंद्र आर्य शामिल होंगे।

## डालसा सचिव ने किया नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण

### नशा मुक्ति केंद्र के कार्यों की समीक्षा की

**रेवाड़ी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की डॉन योजना ड्रग जागरूकता और कल्याण नेविगेशन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा ने वीरवार को नशा मुक्ति केंद्र का दौरा किया। उन्होंने नशा मुक्ति केंद्र के कार्यों की समीक्षा की। नशा मुक्ति केंद्र के जोगिंदर सिंह प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर एवं वोकेशनल काउंसलर ने बताया कि केंद्र में 4 रोगी फिलहाल उपस्थित हैं। उन्होंने बताया कि संदीपा काउंसलर द्वारा रोगियों की समय समय पर काउंसलिंग की जाती है तथा उन्हें नशा छोड़ने के प्रति जागरूक किया जाता है। सीजेएम अमित वर्मा ने कहा कि कानूनी सहायता और उनकी सेवाओं के बारे में सभी को जागरूक किया जाए।



रेवाड़ी। नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण करते सीजेएम अमित वर्मा।

**व्यक्तियों को निःशुल्क दी जाती है कानूनी सहायता**

लीगल एड द्वारा सीनियर सिटीजन, महिलाएं, बच्चों, अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों व तीन लाख से कम वार्षिक आय वाले सभी व्यक्तियों को निःशुल्क में कानूनी सहायता दी जाती है और कोई भी जन कानूनी सहायता के लिए उप मंडल विधिक सेवा समिति या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकता है।

## लाखों रुपये की ठगी के मामले में दो और आरोपी काबू

» *मामले में पुलिस एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने पर-डे पैसे कमाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मध्य प्रदेश के जिला मंदसोर के गांव बारडिया निवासी अर्जुन भील व मध्य प्रदेश के जिला मंदौर के भानपुरा निवासी कुनाल बागड़ी के रूप में हुई है। मामले में पुलिस एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी कुनाल बागड़ी।

### एक टास्क करने को 7 हजार इन्वेस्ट करने के लिए कहा



ठगी का आरोपी अर्जुन भील

*गत 5 फरवरी को बावल के सेक्टर-2 में रहने वाले मूल रूप से राजस्थान के श्री गंगानगर निवासी हर्ष भार्गव ने अपनी शिकायत में बताया था कि उसके पास 25 जनवरी को एक मैसेज आया था, जिसमें पर-डे जॉब इनकम के बारे में पूछा गया। उसे कुछ होटलों से रिव्यू करने व क्वाइनडेक्स पर इन्वेस्ट करने के लिए कहा गया। इस कार्य को करने के लिए उसका टेलीग्राम पर साक्षी गोयल और अरमान मिश्रा नामक दो लोगों से संपर्क कराया गया। अरमान मिश्रा ने उसे एक ग्रुप से जोड़ दिया, जिसमें तीन लोग पहले से जुड़े हुए थे। उसे एक टास्क करने के लिए 7 हजार रुपये इन्वेस्ट करने के लिए कहा गया। उसने यह राशि ट्रांसफर की तो बताया गया कि उसका खाता फ्रीज हो गया। उसे बताया गया कि खाता अनफ्रीज करने के लिए उसे पैसे देने पड़ेंगे।*

## बावल पुलिस ने अलग-अलग मामलों में पकड़े दो पीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

थाना बावल पुलिस ने एक्सीडेंट के दो अलग-अलग मामलों में अदालत से उद्घोषित दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए उद्घोषित अपराधियों की पहचान राजस्थान के जिला अलवर के पतलिया निवासी मौनू शर्मा व राजस्थान के ही जिला खैरथल के गांव बघोर निवासी तालीम खान के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बतलाया कि मोनू शर्मा वर्ष 2016 के थाना कसोला के एक्सीडेंट के केस व तालीम खान के वर्ष 2022 के थाना बावल के एक्सीडेंट के केस में अदालत में पेश न होने पर उद्घोषित अपराधी घोषित होने पर उनके खिलाफ अगस्त 2025 में थाना बावल में अभियोग अंकित किए गए थे। बावल थाना पुलिस ने मामले में वांछित दोनों पीओ को गिरफ्तार कर लिया गया है।



आरोपी मौनू शर्मा, आरोपी तालीम खान।

## वंदे भारत एक्सप्रेस के गुरुग्राम स्टेशन पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से जोधपुर-दिल्ली कर्कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस का गुरुग्राम स्टेशन पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 26481 जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस 10 अक्टूबर से जोधपुर से प्रस्थान करके गुरुग्राम स्टेशन पर दोपहर 1 बजे आगमन व 1:01 बजे प्रस्थान के स्थान पर परिवर्तित समय 12:59 बजे आगमन व 1:01 बजे प्रस्थान करेगी।

## डेंगू का आंकड़ा 250 पार, पांच और अलर्ट पॉजिटिव मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में बरसात के बाद जगह-जगह हुए जलभराव ने मच्छरों का प्रकोप और भी बढ़ा दिया है, जिससे सरकारी व निजी अस्पतालों में मौसमी बीमारियों की ओपीडी बढ़ गई है। जिले में वीरवार को 5 डेंगू पॉजिटिव मरीज और मिलने से आंकड़ा 251 पर पहुंच गया है, जिसमें 51 मामले सरकारी व 200 डेंगू केसों की पुष्टि प्राइवेट लैबों से की गई है। अक्टूबर माह में अब तक में 34 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिल चुके है। इसके अलावा पिछले दिनों मलेरिया के भी 14 केस मिल चुके है। गत वर्ष अक्टूबर माह में 173 व नवंबर माह में 154 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिलने से आंकड़ा 400 पार पहुंच गया था। डेंगू मामलों के तेजी से बढ़ने का कारण फोगिंग कार्य नहीं होना है।



रेवाड़ी। लार्वा मिलने पर ड्रम का पानी खाली करते स्वास्थ्यकर्मी, पानी की टंकी में दवाई डालते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### डेंगू व मलेरिया के लक्षण

डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर दिन में काटता और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, त्वचा पर लाल धब्बे या चकत्ते का निशान, नाक-मसूड़ों से या उल्टी के साथ रक्त स्राव और काला पखाना होना डेंगू के लक्षण हैं। मलेरिया में मरीज के सिर दर्द होना, शरीर में कंपन, ठंड लगना, थकान, बुखार आना, उल्टी होना, जी मिचलना, चक्कर आना प्रमुख कारण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो अपना इलाज कराएं।

### लार्वा मिलने पर लोगों को नोटिस दिए जा रहे

डिप्टी सीएमओ डा. अमित यादव के नेतृत्व में हेल्थ इंस्पेक्टर टीम डेंगू की रोकथाम के लगातर प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने के साथ कूलर, फ्रिज, पानी की टंकी व आसपास जमा पानी की जांच कर रही है। घरों में लार्वा मिलने पर लोगों को नोटिस भी दिए जा रहे है। अब तक लार्वा मिलने पर 3451 लोगों को नोटिस दिए जा चुके है।

### मुख्य वक्ता के रूप में डा. नीरज यादव स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ पहुंची

## छात्राओं को पीसीओएस के कारण, लक्षण और उपचार बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

श्रीराम शाखा, भारत विकास परिषद एवं रेवाड़ी ऑबस एवं गायनिक सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में चौधरी चरण सिंह कृषि महाविद्यालय बावल में पीसीओएस अवेयरनेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डा. नीरज यादव स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ उपस्थित रही। कार्यक्रम में कृषि विभाग की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं ने भाग लिया। डा. नीरज यादव ने छात्राओं को पीसीओएस यानि पॉलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम के कारण, लक्षण एवं उपचार की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीसीओएस आजकल केवल विवाहित महिलाओं की समस्या नहीं रह गई, बल्कि यह छोटी उम्र की लड़कियों में भी तेजी से बढ़ रही है।

### कार्यक्रम में कृषि विभाग की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं ने भाग लिया



रेवाड़ी। कार्यक्रम में डा. नीरज के साथ स्टाफ व छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

**तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने की सलाह दी**

अगर समय पर ध्यान न दिया जाए, तो यह आगे चलकर बांझपन का कारण बन सकता है। साथ ही, बड़े उम्र की महिलाओं में यह कैंसर तक के खतरे को बढ़ा सकता है। डा. नीरज यादव ने छात्राओं को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।

### प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

स्वस्थ दिनचर्या ही स्वस्थ शरीर की नींव है। खुद से प्यार करना और अपनी सेहत का ध्यान रखना हर लड़की की पहली जिम्मेदारी है। कॉलेज के प्रिंसिपल नरेश कौशिक ने डा. नीरज यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पूजा गौड़ ने सभी छात्राओं को स्वस्थ रहने एवं दूसरों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई। डा. तन्वी प्रोफेसर माइक्रोबायोलॉजी और डा. अलीशा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## ऑनलाइन गेमिंग में खाते से रुपये निकालने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रोहड़ाई थाना पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग के दौरान धोखाधड़ी करके खाते से एक लाख रुपये निकालने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अदालत से प्रोडेक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला झुंझुनू के गांव मनौता कलां निवासी रितिक कुमार के रूप में हुई है। जांचकर्ता ने बताया कि 19 मई 2024 को रोहड़ाई निवासी तेजबीर ऑनलाइन गेम खेल रहा था। गेम खेलने के दौरान साइबर ठगों ने धोखाधड़ी करके उसके खाते से एक लाख रुपये निकाल लिए। पुलिस ने तेजबीर की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की थी। पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी रितिक कुमार निवासी मनौता कलां को बुधवार को अदालत से प्रोडेक्शन वारंट लेकर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी रितिक कुमार अपहरण कर पैसे वसूलने के मामले में झुंझुनू जेल राजस्थान में बंद था।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी रितिक कुमार।

# गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में ब्रेस्ट कैंसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रोटरी क्लब रेवाड़ी मेन की ओर से सेक्टर-18 स्थित सरकारी गर्ल्स कॉलेज में ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष डा. वंदना पोपली मुख्य अतिथि थी। कॉलेज की प्राचार्या डा. ज्योति यादव और सीएमओ डा. नरेंद्र दहिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

प्राचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत पौधा एवं पटका भेंट कर किया। क्लब का यह पिछले दो महीनों में आयोजित दूसरा ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता कार्यक्रम था। इस अवसर पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा मैमोग्राफी जांच भी की गई। क्लब की अध्यक्ष नेहा शर्मा ने प्रारंभिक अवस्था में ब्रेस्ट कैंसर की जांच के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे अपने परिवार की महिलाओं को भी इसके प्रति जागरूक करें। ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता टीम की चेयरपर्सन डा. सविता चोपड़ा ने छात्राओं को ब्रेस्ट कैंसर की जांच के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि यह बीमारी शुरूआती चरण में पहचान ली जाए तो पूरी तरह से ठीक की जा सकती है।

# बीमारी की शुरुआती चरण में पहचान होने पर पूरी तरह से हो सकती है ठीक

- विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मैमोग्राफी जांच भी की
- जिला भाजपा अध्यक्ष डा. वंदना मुख्य अतिथि रहीं
- कार्यक्रम में 350 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया सभी अतिथियों का स्वागत पौधा व पटका भेंट किया



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व कॉलेज स्टाफ।

## बीमारी के बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया

डा. सोनाली करनवाल ने ब्रेस्ट कैंसर के विभिन्न चरणों और इससे बचाव के उपायों के बारे में बताया। जागरूकता कार्यक्रम में 350 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में रचित बक्शी, सीए अभिषेक अनेजा, ज्योति गुप्ता, अनुराधा सैनी, राहुल जैन, डा. सुचेता, डा. रितु चौधरी, डा. मनीष तनेजा, डा. सुनीता, नरेंद्र सिंह, नीतू चौधरी, तमन्ना वर्मा, वेद प्रकाश कथूरिया व जतिन अनेजा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम के संयोजक डा. नवीन अदलखा ने कॉलेज प्रशासन के सहयोग की सराहना की। क्लब के सचिव अनुकूल शर्मा ने वक्ताओं, कॉलेज प्रशासन एवं सभी उपस्थितजनों का धन्यवाद किया।

## प्रदूषण नियंत्रण और पराली प्रबंधन पर विशेष जागरूकता अभियान

रेवाड़ी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यानि डीएलएसए की ओर से हार्वेस्टिंग हामोर्नी-लीगल अवेयरनेस फॉर पॉल्यूशन फ्री फील्ड्स विषय पर विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा। डीएलएसए सचिव व सीजेएम अमित वर्मा ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के मार्गदर्शन में प्रदूषण नियंत्रण और पराली प्रबंधन के लिए हार्वेस्टिंग हामोर्नी-लीगल अवेयरनेस फॉर पॉल्यूशन फ्री फील्ड्स विषय पर विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत गांवों में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा, 11 अक्टूबर को जिला के गांव मुढ़लिया, 15 अक्टूबर को गांव राजपुरा आलमगीरपुर, 18 अक्टूबर को गांव गोकलपुर, 25 अक्टूबर को गांव ढाकिया तथा 29 अक्टूबर को गांव मालाहेड़ा में जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। सीजेएम ने कहा कि अभियान का उद्देश्य किसानों में पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

### एक सप्ताह में समाधान नहीं हुआ तो देंगे धरना

# दूषित पेयजल आपूर्ति और सीवर ओवरफ्लो से जूझ रहे सेक्टवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला सचिवालय के सामने स्थित शहर की सबसे पुरानी रिहायशी कॉलोनी सेक्टर-1 के निवासी लंबे समय से सीवर ओवरफ्लो तथा दूषित पेयजल आपूर्ति से परेशान है। सेक्टवासियों की ओर से समस्या को लेकर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण तथा नगर परिषद् का बार-बार लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है। यहां तक कि समाधान शिविर में भी कई बार शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। वीरवार को सेक्टरवासियों ने एक बार फिर समाधान शिविर में जिला उपायुक्त अभिषेक मीणा को समस्या से अवगत कराते हुए समाधान की गुहार लगाई। सेक्टरवासियों ने बताया कि करीब 30 वर्ष पुराने सेक्टर-1 की पेयजलापूर्ति लाइन जगह-जगह से लीक हो चुकी है। दूसरी ओर सेक्टर की बदहाल पुरानी सीवर लाइन बार-बार ओवरफ्लो हो रही है, जिसके कारण पेयजल आपूर्ति में सीवर का पानी आ रहा है। इस समस्या की लिखित शिकायत सभी संबंधित अधिकारियों को दी जा चुकी है, किंतु अधिकारी नई लाइन डालने की बात कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं। सेक्टर के होली पार्क में पिछले तीन महीने से सीवर का गंदा पानी दुर्गंध मार रहा है, जिसके कारण आसपास के सभी निवासियों का जीवन दूर्भर हो गया है।

▶▶ लंबे समय से समस्याओं से परेशान सेक्टरवासियों ने समाधान शिविर में लगाई गुहार, पहले भी कई बार दी जा चुकी शिकायत



## डीसी ने समस्या के समाधान का दिया आश्वासन

उन्होंने कहा कि समस्या के चलते सेक्टरवासी पिछले कई महीनों से पीने का पानी खरीदने के लिए मजबूर हैं। प्रतिदिन सेक्टर में टैंकर मंगवाए जा रहे हैं। सेक्टरवासियों ने समाधान शिविर में जिला उपायुक्त से मांग करते हुए कहा कि जब तक समस्या का स्थाई समाधान नहीं होता, तब तक जिला प्रशासन की ओर से सभी घरों में उसी तरह पेयजल के टैंकर भिजवाए जाएं, जैसे भीषण जल संकट के दौरान प्रशासन भिजवाता रहा है। डीसी ने सीवर ओवरफ्लो तथा पेयजल आपूर्ति की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र कराने का आश्वासन दिया।



## सचिवालय पर धरना देने की दी चेतावनी

इस मौके पर संगठन के पूर्व उपप्रधान अशोक राठी, खजांची हरिकृष्ण यादव बबलू, नारायण दास, डा. रामफूल, प्रिंसिपल हरिकिशन वशिष्ठ, सुधा देवी, उषा यादव, सुमन देवी, गुड्डी यादव व निशी रूस्तगी उपस्थित थे। सेक्टरवासियों ने कहा कि यदि एक सप्ताह में पेयजल आपूर्ति की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो जिला सचिवालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा तथा उपभोक्ता अदालत का दरवाजा भी खटखटाएंगे, जिसके लिए सेक्टर के अधिवक्ता दिनेश राव को अधिकृत किया गया है।

### जिला पुलिस का जागरूकता अभियान

# विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला पुलिस की नशा मुक्ति टीम की ओर से लगातार नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

बुधवार को निरीक्षक रामपाल की अगुवाई में दिल्ली रोड़ स्थित श्री कृष्ण पब्लिक स्कूल, डीएवी पुलिस-पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल व सूरज स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव, डायल 112 व महिला-बच्चों विरुद्ध अपराधों की जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा नशा न करने की शपथ भी दिलाई।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में नशे से दूर रहने की शपथ लेते विद्यार्थी।

## युवाओं की शक्ति-भविष्य को खोखला कर रहा नशा

निरीक्षक रामपाल ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जो न केवल व्यक्ति को, बल्कि पूरे परिवार और समाज को धीरे-धीरे खत्म कर देती है। नशा एक दीमक की तरह है, जो हमारी युवा पीढ़ी की शक्ति और भविष्य को खोखला कर रहा है। नशा सिर्फ एक बुरी आदत नहीं है, यह एक जाल है, जिससे बाहर निकलना मुश्किल है, लेकिन नामुमकिन नहीं। वहीं पर अनेक नशा ग्रस्त युवकों ने नशा छोड़ने की पहल भी की है, जिनका स्थानीय प्रशासन की मदद से इलाज कराकर उन्हें फिर से समाज की मुख्यधारा में शामिल किया गया है।

## दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव का आयोजन 29 से होगा

रेवाड़ी। युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा की ओर से जिला युवा महोत्सव का आयोजन 29 व 30 अक्टूबर को किया जाएगा। पंजीकरण की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिला युवा महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी, जिसमें समूह लोक नृत्य, समूह लोक गीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, कविता लेखन, लोक वाद्य यंत्र एकल तथा समूह प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं राज्य की लोक कला एवं लोक नृत्य की प्रस्तुतियों के साथ विज्ञान मेला का भी आयोजन किया जाएगा। डीसी ने बताया कि जिला युवा महोत्सव में आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर है। इसमें प्रतिभागियों की आयु 1 सितंबर 2025 को 15 से 29 वर्ष होनी चाहिए। सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। एक प्रतिभागी केवल एक ही प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। जिला स्तर पर विजेताओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार राशि भी दी जाएगी।

## विश्व दृष्टि दिवस पर विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

रेवाड़ी। विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर गंगा देवी नेत्र अस्पताल की ओर से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। चंद्रशेखर गौतम प्रधान ब्राह्मण सभा ने नाईवाली चौक से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली की अध्यक्षता पीयूष अग्रवाल एवं इन्द्रजीत प्रधान श्री श्याम बहादुर सेवा मंडल ने की। जागरूकता रैली सरकुलर रोड से बस स्टैंड होते हुए अस्पताल परिसर में सम्पन्न हुई। रैली में विद्यार्थियों ने लोगों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। डा. प्रीति यादव ने सभी को विश्व दृष्टि दिवस का महत्व बताया और आंखों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक टिप्स दिए। इस अवसर पर सभी बच्चों की आंखों की निःशुल्क जांच भी की गई।



रेवाड़ी। विश्व दृष्टि दिवस पर रैली निकालते हुए विद्यार्थी।

## खबर संक्षेप



### कानूनगो व पटवारियों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

रेवाड़ी। दी रेवन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन ने वीरवार को नवनियुक्त पटवारियों के लिए की गई घोषणा को लेकर नोटिफिकेशन जारी कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम डीसी अभिषेक मीणा को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले एसोसिएशन के सदस्यों ने सचिवालय के पास धरना दिया। अपनी मांगों को लेकर जिले के पटवारी 6 से 8 अक्टूबर को कार्यालयों में काली पट्टी बांधकर कार्य करके विरोध जता चुके है। पटवारियों ने कहा ट्रेनिंग पटवारी सर्विस पीरियड को कम करने को अब तक नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है।



### शिकायतों का समाधान करना प्राथमिकताः डीसी

रेवाड़ी। जिला प्रशासन की ओर से जिला मुख्यालय सहित उपमंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन की शिकायतों की सुनवाई की जा रही है। डीसी अभिषेक मीणा ने समाधान शिविर में आई जन शिकायतें सुनकर विभागों को समाधान के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि शिकायतों को नजरअंदाज करना किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिकारी आमजन की शिकायतों के निवारण की दिशा में तत्परता से कार्रवाई करें। पीथनवास की ढाणी में ट्रांसफार्मर शिफ्ट कराने तथा गांव गुरावड़ा व विकास नगर में बिजली से संबंधित शिकायत पर समाधान के निर्देश दिए गए। गांव रामगढ़ में फार्म हाउस संचालक की शिकायत पर डीसी ने डीडीपीओ को जांच के निर्देश दिए।

## एमएसपी के लिए तरसे किसान, फसलों को कम रेट पर बेचने को मजबूरः राव नरेंद्र

रेवाड़ी। कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने रेवाड़ी अनाजमंडी का दौरा किया और किसानों, मजदूरों और आढ़तियों की समस्याएं सुनीं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बीजेपी सरकार में एक बार फिर किसान एमएसपी के लिए तरस रहे हैं और उनसे भारी लूट की जा रही है। सरकारी खरीद न होने के कारण मंडियों में किसानों का बाजरा व कपास की दुर्गति हो रही है। किसानों को एमएसपी से कम रेट में फसल बेचनी पड़ रही है। किसान बाजरा 800 से 1000 और कपास करीब 1000 से 1500 कम रेट पर बेचने को मजबूर हैं। धान भी 300 से 400 रुपये प्रति क्विंटल कम रेट पर बिक रहा है। सरकारी एजेंसियां नमी का बहाना बनाकर खरीद से इंकार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने चुनाव से पहले धान के किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल का रेट देने का वादा किया था, लेकिन न पिछले सीजन में और न ही इस सीजन में यह वादा पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर मंडियों में खरीद शुरू ही नहीं हुई है। कई जगह पोर्टल पर वेरिफिकेशन न होने के कारण गेट पास नहीं बन पा रहे हैं। कहीं राइस मिलर्स के रजिस्ट्रेशन न होने की वजह से दिक्कत आ रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र ने कहा कि हरियाणा का किसान बाढ़ की मार से उबर भी नहीं पाया कि अब उसे सरकारी मार ने अपनी चपेट में ले लिया। एक तरफ उन्हें पूरी एमएसपी न देकर प्रताड़ित किया जा रहा है, तो दूसरी तरफ पराली जलाने के आरोप में मुकदमे झेलने पड़ रहे हैं। फतेहाबाद और जींद में किसानों पर एफआईआर और चालान की कार्रवाई की गई है, जो बेहद निंदनीय है। मौके पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुभाष छावड़ी, शहरी जिला अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, डा. एमएल रंगा, पूर्व जिला अध्यक्ष दीवान सिंह चौहान, एससी सैल के प्रधान रमेश ठेकेदार, भरत हरचंदपुर, दिनेश ठेकेदार, महेंद्र छाबड़ा, रेखा दहिया व रोहित शर्मा सहित नेता उपस्थित थे।


रेवाड़ी। रेवाड़ी अनाजमंडी का निरीक्षण करते राव नरेन्द्र व अन्य।

### पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश प्रमोद गोयल का पैतृक गांव कोसली पहुंचने पर अभिनंदन

# शिक्षा के माध्यम से ही कोई समाज उन्नति कर सकता हैः प्रमोद गोयल

माता ने उन्हें जीवन में अच्छा अधिवक्ता और जज बनने के लिए प्रेरित किया

- लाला रामरतन धर्मशाला में अग्रवाल समाज की ओर से कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश प्रमोद गोयल का वीरवार को उनके पैतृक गांव कोसली पहुंचने पर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायधीश गुरविंद्र सिंह वधवा, एडीजे प्रदीप चौधरी, एसडीजेएम अशोक कुमार, एसडीएम विजय कुमार यादव, डीएसपी विद्यानंद, भाजपा के वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव, चेयरमैन दुष्यंत यादव, सरपंच रामकिशन जांगड़ा सहित कोसली, नठेड़ा,जुड्डी, कान्हड़वास, श्याम नगर, मुरलीपुर, सुरेहली, झाड़ौदा, सहादतनगर, लुखी, गूगोढ, टूमना व भूरथला गांवों के पंचायत प्रतिनिधि व गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

हाईकोर्ट जज प्रमोद गोयल ने सर्वप्रथम बाबा मुक्तेश्वर पुरी मठ मंदिर में आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कोसली बार एसोसिएशन के प्रधान जयकिशन ढिल्लो, डीएवी संस्था के प्रधान संजय यादव, पंच ओमप्रकाश डाबला, सरोज यादव, रामफल कोसलिया, रविंद्र गुप्ता, हरिओम, हरीश, प्राचार्य दयानंद भारद्वाज, गुरदयाल सिंह एडवोकेट, दुलीचंद, महेश लखेरा, धर्मेंद्र यादव व जीवन हितेषी भी मौजूद थे।


रेवाड़ी। हाईकोर्ट के जज प्रमोद गोयल का मठ में अभिनंदन करते गणमान्य लोग।

## बेटे-बेटियों को पढ़ाएं

कोसली स्टेशन क्षेत्र में स्थित लाला रामरतन धर्मशाला में अग्रवाल समाज की ओर से भी न्यायाधीश प्रमोद गोयल का अभिनंदन किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही कोई समाज उन्नति कर सकता है। इसलिए अपने बेटे-बेटियों को पढ़ा-लिखा कर उन्हें एक काबिल नागरिक बनाएं। न्यायाधीश प्रमोद गोयल ने कहा कि उनकी सफलता का श्रेय उनकी माता रमा गोयल को जाता है। उनकी माता ने ही उन्हें जीवन में एक अच्छा अधिवक्ता और जज बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन दिनेश गोयल, महाराजा अग्रसेन सभा के प्रधान सुभाष गर्ग, न्यायाधीश प्रमोद गोयल के पिता ओमप्रकाश गोयल व माता रमा गोयल, शिव कुमार गर्ग, तेजपाल गर्ग, विजय गर्ग, राजेंद्र गुप्ता, पुरुषोत्तम गोयल, सुनील गर्ग, नवीन गोयल, ईश्वर, हंसराज सिंगल, अजय सिंगला, महेंद्र गर्ग व बृजमोहन बंसल मौजूद थे।

### मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतियोगिताएं आयोजित

# नुक्कड नाटक में जेपीएस की टीम बनी उपविजेता

- विद्यालय की टीम ने प्रतियोगिता में भाग लिया
- चेतना वर्मा के मार्गदर्शन में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जैन पब्लिक स्कूल की टीम ने गुरुग्राम में मानसिक स्वास्थ्य पर आयोजित प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। टीम ने नुक्कड़ नाटक एवं वाद विवाद स्पर्धा में भाग लिया। स्कूल की टीम ने नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया।


रेवाड़ी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम शिक्षकों के साथ।

## विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं

इस उपलब्धि पर प्रबंधन समिति एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि गत दिवस गुरुग्राम के जेम्स इंटरनेशनल स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सैमी क्लोन-वाइस ऑफ होप के नाम से आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने नुक्कड़ नाटक एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यालय की मनोविज्ञान शिक्षिका चेतना वर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने शानदार नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक में मन्नत, क्रितिका, हर्ष, अनीमेष, शुभमराज, वंशिका, तृप्ति, मुस्कान, जिया व पूर्वी में अपने अभिनय की छाप छोड़ी। विधि व नताशा ने वाद विवाद में शानदार प्रस्तुति देते हुए लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। पुस्तकालय प्रभारी शालू ने भी टीम का सहयोग किया। प्रबंधन समिति के प्रधान सीए मोहित जैन, उपप्रधान सीमा जैन, सचिव अमित जैन, सहसचिव एवं प्रबंधक प्रवीण जैन, कोषाध्यक्ष सचिन जैन के साथ-साथ शासकीय निकाय के सदस्यों निपुण जैन, प्रद्युम्न जैन, रविंद्र जैन व विजय जैन तथा प्रधानाचार्या सोलन छाबड़ा, उप प्रधानाचार्या विजय गुप्ता एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मेहंदी स्पर्धा में नीतू-वर्षा बनी विजेता

मीरपुर। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण विभाग की ओर से करवा चौथ पर्व की पूर्व संध्या के अवसर पर मेहंदी प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई, जिसमें करीब 31 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिस्पर्धा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने स्टाफ शिक्षिकाओं एवं दूसरे विद्यार्थियों को मेहंदी लगाई। कार्यक्रम में राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-18 के अंग्रेजी विभाग से डा. पूनम मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडल के सदस्य के तौर उपस्थित रही। प्रतियोगिता कमेटी की संयोजक डा. दीप्ति यादव ने कहा कि करवा चौथ का त्योहार भारतीय परंपरा के अनुसार मनाया जाता है। मेहंदी प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान पर नीतू और वर्षा, द्वितीय स्थान पर पायल और शिवानी, तृतीय स्थान पर मुस्कान और मानसी रही। सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया।



**ज्यूरी कमेटीः** ज्यूरी कमेटी के अन्य सदस्य डा. सविता श्योराण, डा. रितु बजाज व डा. रीना हुड्डा ने भी योगदान दिया। प्रतियोगिता कमेटी के सदस्य डा. स्नेहलता, डा. मोनिका यादव, डा. कविता यादव व डा. संगीता यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## सूचना

मैं, धोला राम पुत्र श्री झुथर सिंह निवासी ग्राम सुठानी, तहसील बावल, जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सतीस मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### राज इंटरनेशनल स्कूल में सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**रेवाड़ी।** राज इंटरनेशनल स्कूल में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। स्कूल के चेयरमैन राजेंद्र सैनी ने कहा कि पवनपुत्र हनुमान बल और बुद्धि के दाता हैं और उनकी शक्ति सर्वविदित है। कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षकों और समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बाबा की हाजिरी लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अभिभावकों ने स्कूल की सराहना करते हुए कहा कि यहां न केवल बच्चों को शिक्षा प्रदान की जा रही है, बल्कि उनके संस्कारों को भी संवारा जा रहा है।

### बावल में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आज

**रेवाड़ी।** बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार 10 अक्टूबर को सुबह 10 बजे बावल स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भाग लेंगे। बैठक के उपरांत विधायक सुबह 11:30 बजे जनसमस्याएं भी सुनेंगे।

## वीरवार को रेवाड़ी अनाजमंडी में काटे गए 1500 गेट पास, 30 हजार क्विंटल के करीब हुई बाजरे की आवक

# अनाजमंडी में बढ़ी बाजरे की आवक, मुख्य गेट पर आड़े-तिरछे ट्रैक्टरों से लगा रहा जाम

खरीद एजेंसी हैफेड व वेयरहाउस की ओर से एमएसपी पर बाजरा नहीं खरीदा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले की रेवाड़ी अनाजमंडी में अब तक सवा दो लाख क्विंटल के करीब बाजरे की आवक हो चुकी है। वीरवार को अनाजमंडी के मेन गेट के बाहर बाजरे की ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी कतार लगी रही। यहां तक कि अनाजमंडी में आड़े-तिरछे ट्रैक्टर खड़े करने से पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। वीरवार को अनाजमंडी में 1500 के करीब गेटपास काटे गए तथा अब तक 7400 के करीब गेटपास काटे जा चुके है, लेकिन अभी तक खरीद एजेंसी हैफेड व वेयरहाउस की ओर से एमएसपी पर बाजरा नहीं खरीदा गया है। इस बार बरसात की मार के कारण बाजरे की गुणवत्ता खराब आ रही है, जिसके कारण एजेंसियां सरकार के लिए बाजरा खरीदने में सुस्त नजर आ रही है। किसान अपना बाजरा आढतियों को 1800 से 2000 प्रति क्विंटल के हिसाब से बेच रहे है, जिससे उनको सरकार के 2200 रुपये निर्धारित समर्थन मूल्य के हिसाब से 200 से 400 रुपये का नुकसान हो रहा है, क्योंकि सरकार ने इस बार बाजरे का समर्थन मूल्य 2775 रुपये निर्धारित किया हुआ है, जिसमें 2200 रुपये प्रति क्विंटल बाजरा खरीदा जाएगा व 575 रुपये किसानों को भावांतर के रूप में दिए जाएंगे।





रेवाड़ी। अनाजमंडी के फड पर लगी बाजरे की ढेरियां व लगा जाम व अनाजमंडी के गेट पर गेटपास कटवाते किसान। फोटो : हरिभूमि

### अनाजमंडी के गेट पर लगा जाम



### लोगों को आने जाने में हो रही परेशानी

वीरवार को नई अनाजमंडी में मुख्य गेट के पास से पहले फड तक पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। अनाजमंडी की सड़क पर अव्यवस्थित ढंग से ट्रैक्टर व अन्य वाहनों के खड़े होने से जाम लग रहा है। सबसे ज्यादा अव्यवस्था पहले फड के पास ही फैल रही है, क्योंकि यह मुख्य गेट के पास स्थित है, हालांकि जाम से निपटने के लिए नेहरू पार्क के साइड का गेट खोला जा सकता है, लेकिन अभी यह गेट बंद पड़ा हुआ है। अनाजमंडी में सुबह से दोपहर बाद तक मुख्य गेट से मार्केट कमेटी कार्यालय तक ट्रैक्टरों की कतार लगी रही।

### अभी तक 7400 के करीब गेटपास काटे जा चुके

रेवाड़ी अनाज मंडी में वीरवार को 1500 गेटपास काटे गए तथा 30000 क्विंटल के करीब बाजरे की आवक हुई। रेवाड़ी अनाजमंडी में अभी तक 7400 के करीब गेटपास काटे जा चुके है। कोसली अनाज मंडी में वीरवार को अब तक 4618 गेटपास काटे जा चुके है। कोसली अनाजमंडी में अब तक 1.5 लाख क्विंटल से अधित बाजरे की आवक हो चुकी है। रेवाड़ी व कोसली अनाज मंडी में हैफेड तथा बावल व जाटूसाना अनाजमंडी में हरियाणा वेयर हाउस कॉरपोरेशन की ओर से बाजरे की खरीद की जा जानी है। इस बार जिले में समर्थन मूल्य पर बाजरा बिक्री करने के लिए 55 हजार से अधिक किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है।

### अनाजमंडी के मुख्य गेट पर ट्रैक्टरों की कतार



## डा. सुचेता ने विजेताओं को बधाई दी

# करवा चौथ स्पर्धा में पिंकी कुमारी ने लगाई सबसे सुंदर मेहंदी



रेवाड़ी। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं के साथ छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- कॉलेज की 56 छात्राओं ने आकर्षक मेहंदी लगाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ की ओर से करवा चौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे कॉलेज की 56 छात्राओं ने आकर्षक मेहंदी लगाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्राचार्या डा.ज्योति यादव ने कहा कि सामाजिक त्योहार हमारे लिए बहुमूल्य है, जो समाज व संस्कृति में संतुलन बनाते है तथा हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महिला प्रकोष्ठ इंचार्ज डा. सुचेता कौशिक ने विजेताओं को बधाई दी। प्रतियोगिता में पिंकी कुमारी ने प्रथम, पायल ने द्वितीय व रागिनी ने ततीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ से डा. पूनम, डा. रेखा, डा. रेनू, डा. प्रियंका व डा. मनीषा सहित सभी महिला स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## सरकारी स्कूल सीहा में मेहंदी प्रतियोगिता



**नांगल मूंदी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा के अरावली सदन तथा बालिका मंच के संयुक्त तत्वावधान में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें चारों सदन के विद्यार्थियों एवं प्रभारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अरावली सदन ने सेवा पखवाड़ा, मेंटल हेल्थ वीक, कला उत्सव तथा विकसित भारत बिल्डथान के संदर्भ में जानकारी दी, वहीं बालिका मंच की ओर से करवा चौथ, अहोई अष्टमी, दीपावली, गोवर्धन भैया दूज के महत्व को समझाया गया तथा दीपावली पर कम से कम प्रदूषण करने तथा स्वदेशी को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया। प्राध्यापिका अलका, अनीता यादव, सीमा, सोनू, मंजू शर्मा, लक्ष्मी यादव तथा रेखा ने कार्यक्रम में सहयोग दिया। स्टाफ सचिव दिनेश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## प्रश्नोत्तरी में जूनियर वर्ग में राठ स्कूल और सीनियर वर्ग में आरपीएस बना विजेता

प्रतियोगिता में 42 विद्यार्थियों ने भाग लिया

**रेवाड़ी।** भारत विकास परिषद जिला शाखा की ओर से संस्कार प्रकल्प के तहत सैनी पब्लिक स्कूल में भारत को जानो प्रश्नोत्तरी स्पर्धा का आयोजन किया। प्रतियोगिता में 10 स्कूलों के सीनियर एंव जूनियर वर्ग के 42 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के संयोजक योगेश शर्मा ने बताया कि प्रथम स्थान की टीम अब प्रांतीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। मुख्य अतिथि कैलाश सैनी, चेयरमैन सैनी पब्लिक स्कूल व विशिष्ट अतिथि मनोज सैनी प्रधान सैनी समाज और कार्यक्रम अध्यक्ष मुकेश सैनी प्रांतीय संयोजक पर्यावरण थे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव महेंद्र शर्मा भी मौजूद थे। शाखा अध्यक्ष दिनेश सैनी ने परिषद का परिचय दिया। भारत को जानो स्पर्धा में जूनियर वर्ग में राठ इंटरनेशनल स्कूल कुंड ने प्रथम, डीएवी पुलिस-पब्लिक स्कूल ने द्वितीय व राज इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि व आयोजक।

### ये मौजूद रहे

सीनियर वर्ग आरपीएस स्कूल हांसाका ने प्रथम, सैनी पब्लिक स्कूल ने द्वितीय व राज इंटरनेशनल स्कूल ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का संचालन योगेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में शाखा के सचिव रामकिशोर सैनी, कोषाध्यक्ष प्रेम मेहंदीरत्ता, नितिन गोयल, दयाराम आर्य, हुक्म चन्द प्रजापत, अजय गुप्ता, राजीव आहुजा व डा. दीपक सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों के लगभग 200 छात्रों ने हिस्सा लिया

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में राज इंटरनेशनल स्कूल बना ओवर ऑल चैम्पियन

एवीजी स्पोर्ट्स अकेडमी, अनेजा स्कूल व सैनी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वीरवार को झज्जर रोड स्थित श्रीराम पैलेस में तीसरी एसआर मेमोरियल ताइक्वांडों प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। श्रीराम मानव विकास एवं शिक्षा समिति व हिंदुस्तान फर्स्ट राष्ट्र प्रथम संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में राज इंटरनेशनल स्कूल ने सहयोग दिया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों के लगभग 200 छात्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में ब्लॉक समिति रेवाड़ी के चेयरमैन रविंद्र खोला ने मुख्य अतिथि तथा सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन मुकेश गोकल व ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष नवीन सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रतियोगिता में जीडी गोयंका स्कूल, वीआईपी स्कूल, राज इंटरनेशनल स्कूल, सूरज स्कूल, आरपीएस धारूहेड़ा, एसआर स्पोर्ट्स अकेडमी। एवीजी स्पोर्ट्स अकेडमी, अनेजा स्कूल व सैनी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया।





रेवाड़ी। प्रतियोगिता में मुकाबला करते हुए खिलाड़ी व प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते आयोजक।

### विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया

प्रतियोगिता में जिले के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर नवीन सैनी ने कहा कि खिलाड़ी ने केवल देश व प्रदेश का नाम रोशन करते हैं, बल्कि वहां से मिली संघर्ष की भावना व मजबूती को समाज में लगाकर देश को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। प्रतियोगिता में राज इंटरनेशनल स्कूल ने ओवरऑल ट्रॉफी जीती। द्वितीय स्थान पर जीडी गोयंका स्कूल और तीसरे स्थान पर आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल धारूहेड़ा रहा। इसके अलावा विभिन्न वर्गों में अनेक खिलाड़ियों ने मेडल जीते। प्रतियोगिता के आयोजन में भारत भूषण, पीयूष, राहुल, सुनील निखिल, होशियार, मुकेश, अर्शिका, आशीष, नवीन व जतिन का योगदान रहा।

# कोसली में धूमधाम से संघ का शताब्दी वर्ष मनाया

- भिवानी विभाग की सेविका समिति की 205 बहनों व बच्चों ने पथ संचलन में उत्साह पूर्वक भाग लिया

**कोसली।** राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना के 90 वर्ष पूर्ण होने और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कोसली में शताब्दी वर्ष का आयोजन धूमधाम से किया गया। भिवानी विभाग की सेविका समिति की 205 बहनों व बच्चों ने पथ संचलन में उत्साह पूर्वक भाग लिया। पथ संचलन का समापन आशीर्वाद गार्डन में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राव निहाल सिंह स्कूल दड़ौली की प्राचार्या सरिता यादव ने की तथा मुख्य अतिथि के तौर पर जिला खेल अधिकारी ममता मौजूद रही। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत कार्यवाहिका अंजलि जैन ने समिति के देशहित और समाजसेवा के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए संघ की स्थापना के मूल उद्देश्य हिन्दुत्व व समाज को संगठित करना बताया। इस अवसर पर मनजीत यादव प्रान्त शारीरिक प्रमुख, सुनीता विभाग कार्यवाहिका, श्वेता समभाग प्रचारिका, रश्मि जिला कार्यवाहिका, अनिता, महेन्द्रगढ कार्यवाहिका मनोज, कोसली खण्ड कार्यवाहिका व कार्यकर्ता मौजूद रही।



रेवाड़ी। कोसली में पथ संचलन में भाग लेती राष्ट्र सेविका समिति की कार्यकर्ता।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**सनातन** सूर्योदय से पहले स्नान करने तथा भजन-कीर्तन करने से सभी पापों का होता है नाश

# कार्तिक मास में तुलसी पूजा, दीपदान व दान पुण्य का विशेष महत्वः सुमन भारद्वाज

आजाद चौक स्थित शिव मंदिर में कार्तिक महात्म कथा का हो रहा आयोजन

- कार्तिक महीने के दौरान सूर्य उपासना विशेष फलदायी मानी जाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हिंदू धर्म में कार्तिक मास को सबसे पवित्र और पुण्यकारी महीना माना जाता है, क्योंकि इसी दौरान भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागते हैं और तुलसी पूजा, दीपदान व दान-पुण्य का विशेष महत्व होता है। पंडित सुमन भारद्वाज ने बताया कि यह वह महीना है, जब करवा चौथ, दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज जैसे प्रमुख त्योहार मनाए जाते हैं और सूर्योदय से पहले स्नान करने तथा भजन-कीर्तन करने से सभी पापों का नाश होता है तथा अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। पंडित भारद्वाज ने कहा बालाजी धर्मार्थ समिति की ओर से संचालित आजाद चौक स्थित शिव मंदिर में रोजाना सुबह 6:15 बजे कार्तिक महात्म कथा सुनाई जा रही है।



रेवाड़ी। शिव मंदिर में कार्तिक महात्म की कथा सुनते हुए महिलाएं।

### कार्तिक माह में किस तरह करें पूजा

पंडित भारद्वाज ने बताया कि कार्तिक महीने के दौरान सूर्य उपासना विशेष फलदायी मानी जाती है। भगवान सूर्य को रोजाना अर्घ्य दें। कार्तिक महीने में दान करना भी लाभकारी है। इस महीने दीपदान का भी खास विधान है। दीपदान मंदिरों, नदियों में भी किया जाता है। इस महीने ब्राह्मण भोजन, गौदान, तुलसी दान, आंवला दान तथा अन्न दान का विशेष महत्व बताया गया है। तुलसी जी भगवान विष्णु की प्रिया हैं। तुलसी की पूजा कर भक्त भगवान विष्णु को प्रसन्न कर सकते हैं। इसलिए श्रद्धालु विशेष रूप से तुलसी की आराधना करते हैं। तुलसी के पौधे का कार्तिक महीने में दान भी दिया जाता है। तुलसी के पौधे के पास सुबह-शाम दीपक जलाएं। कार्तिक महीने में दान, पूजा-पाठ तथा स्नान का बहुत महत्व होता है तथा इसे कार्तिक स्नान की संज्ञा दी जाती है। स्नान सूर्योदय से पूर्व किया जाता है। स्नान कर पूजा-पाठ को खास अहमियत दी जाती है। इस दौरान घर की महिलाएं नदियों में ब्रह्म मूहुर्त में स्नान करती हैं। इस अवसर पर संतोष देवी शर्मा, पूजा माहेश्वरी, अंजलि महेश्वरी, शकुंतला महेश्वरी, उमा महेश्वरी, पुष्पा, शकुंतला, संतोष, सुनीता, मीनाक्षी, हेमलता, ओमवती, कमलेश, पूनम, सुमन, रेनू, मुकेश व सीमा सहित अनेक महिलाएं मौजूद रही।